Director (Plg.) MPR/TC,
D.D.A. Vikas Minar N. DELHI
Dy.No. L-124
Dated 14/9/12

AC (PLG) MPR
Diary No. 1484
04/10/12

195

सत्यमेव जयते

जय भगवान अग्रवाल

• उपनेता प्रतिपक्ष, दिल्ली विधान सभा
• सदस्य, दिल्ली विधान सभा
• सदस्य, लोक लेखा समिति
• सदस्य, कार्य मत्रंणा समिति

कार्यालय • फ्लैट नं०-89, पाकेट ए-3, सैक्टर-7, रोहिणी, दिल्ली-110 085
एवम्
• ए-16, सरस्वती विहार, पीतमपुरा, दिल्ली-34
फोन (का०) 27048575 (नि०) 27033434
(मो०) 9310111717, 20606393

अर्ध. शा. पत्र. स. वि.रो.12/511 "पंचम अनुस्मारक" दिनांक 04-09-12

माननीय उपराज्यपाल जी,

विषय–: एक ही नाम से दो प्लोटो को जोड़कर बनाये गये जोड़ो का बिल्डिग प्लान स्वीकृति करने के सम्बन्ध में।

महोदय,

मेरे पास आज दिनांक 04.03.2012 को रोहिणी मे रहने वाले लोगो का एक प्रतिनिधि मंडल मिलने आया और मुझे जानकारी दी कि दिल्ली नगर निगम के भवन विभाग द्वारा पहले एक ही नाम से जिनके दो प्लाट है उनके जोड़ो के नक्शे स्वीकृति किये जा रहे थे लेकिन अब बंद कर दिये है जिसके कारण जिन लोगो ने जोड़ो के नक्शा स्वीकृति करने के फायदे मे प्लाट खरीद लिये है लेकिन अब जोडो के नक्शे स्वीकृति नही होने के कारण उनका जोड़े के मकान बनाने का सपना पूरा नही हो पा रहा है। जबकि दिल्ली नगर निगम के रोहिणी जोन के अधिशाषी अभियंता रोहिणी क्षेत्र–1 द्वारा आर.टी.आई. में मॉगी गई जानकारी में आई.डी. न0–123/आर.टी.आई/एस.ई.(रोहिणी–1) 10 दिनांक 19.05.2010 के जवाब में जोड़ो के बिल्डिग प्लान स्वीकृत करने का जवाब प्राप्त हो रहा है। मैं पत्र के साथ जोड़ो के स्वीकृत बिल्डिग प्लान की सूची और कुछ अखबार की कटिंग एवं आर.टी.आई.के जवाब की प्रतिलिपि संलग्न कर रहा हूँ। और मास्टर प्लान 2021 के पैरा 3.3.2 गाईड लाईन फॉर री–डिवलपमैंट स्कीम के कॅमाक 4 में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि जोड़ो के नक्शे स्वीकृत किये जायेगें।

अतः उपरोक्त सम्बन्ध मे मेरा आपसे अनुरोध है मास्टर प्लान 2021 को ध्यान में रखते हुये एवं जिन लोगो ने प्लाटों के जोडे लिये हुये है उनके जोड़ो के (दो प्लाटो) को जोड़कर मकान बनाने के सपने को पूरा करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को आदेश देने की कृपा करे कि पहले की तर्ज पर प्लाट के जोडो के बिल्डिग प्लान स्वीकृति करने की कृपा करे।

आदर सहित,

आपका

(हस्ताक्षर)

(जय भगवान अग्रवाल)

श्री तेजेन्द्र खन्ना जी
उपराज्यपाल दिल्ली,
राजनिवास मार्ग,
दिल्ली–110054

प्रतिलिपिः– उपाध्यक्ष दिल्ली विकास प्राधिकरण दिल्ली
आयुक्त, योजना दिल्ली विकास प्राधिकरण।
श्री आई0पी0 पराठे निदेशक योजना, मास्टर प्लान दिल्ली–2021 दिल्ली विकास प्राधिकरण।

14/9